मुख्यमंत्री ने कई रियायतों की घोषणा की

चर्चा में क्यों?

19 अगस्त, 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में **कई रियायतों की घोषणा** की।

प्रमुख बिंदु

- उन्होंने राज्य के 16 लाख कर्मचारियों और 12 लाख पेंशनभोगियों के लिये महँगाई-भत्ते को 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने, आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं, प्रदेश रक्षा दल के जवानों, रोज़गार सेवकों के मानदेय में वृद्धि और वकीलों के लिये सुरक्षा निधि 1.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने की घोषणा की।
- योगी आदित्यनाथ ने प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले युवाओं की सहायता के लिये 3,000 करोड़ रुपए की एक विशेष निधि (निधि) की स्थापना, डिप्लोमा और अन्य डिग्री धारकों को एक करोड़ स्मार्टफोन तथा टैबलेट के वितरण की भी घोषणा की।
- योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार योजना के लाभार्थी युवाओं को डिजिटल पहुँच प्रदान करने का खर्च भी उठाएगी।
- उन्होंने कहा कि सरकार ने कॉर्पोरेट घरानों को भी शामिल किया है, जो अपने **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)** फंड से इस निधि और विश्वविद्यालयों तथा अन्य संस्थानों में योगदान देंगे।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जुलाई 2021 से सरकारी कर्मचारियों का **महँगाई-भत्ता 28 प्रतिशत** (केंद्र के आदेश के अनुसार) बढ़ा दिया है। सरकार आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं/आँगनबाड़ी सहायिकाओं **(AWWs/AWHs)** के मानदेय में वृद्धि करेगी।
- मौजूदा डीए वृद्धि आदेश से राज्य सरकार के कर्मचारियों, पेंशनभोगियों, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों और तकनीकी शिक्षा संस्थानों के कर्मचारियों एवं शहरी स्थानीय निकायों के कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-announced-several-concessions